परीक्षा हायर सेकण्डरी

**(Higher Secondary Examination)**

विषय – भूगोल

**(Subject -Geography)**

आदर्श प्रश्न पत्र– सेट ''डी''

समय – 3 घण्टे | पूर्णांक – 75 अंक

Time - 3 Hours | Max. Marks - 75

निर्देश –

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्न–पत्र में दिए गए निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(3) प्रश्न क्र. 1 से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनके अंतर्गत रिक्त स्थान की पूर्ति, एक एक वाक्य में उत्तर देना, सही जोड़ी बनाना तथा सही विकल्प का चयन करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं।

(4) प्रश्न क्र. 5 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक आवंटित हैं।

(5) प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक आवंटित हैं।

(6) प्रश्न क्रमांक 16 में 6 अंक आवंटित हैं।

(7) प्रश्न क्रमांक 5 से 16 तक प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।

(8) प्रश्न क्रमांक 13 को विश्व के मानचित्र में अंकित कीजिए तथा मानचित्र को अपनी उत्तर–पुस्तिका में संलग्न कीजिए।

**Instruction -**

(1) All questions are compulsory.

(2) Read the instruction of question paper carefully and answer the questions.

(3) Question No. 1 to 4 are objective types which contain fill in the blanks, Answer in one sentence, Match the pairs and choose the correct answer Each question is allotted 5 marks

(4) Question No. 5 to 10 carry 4 marks each.

(5) Question No. 11 to 15 carry 5 marks each.

(6) Question No. 16 Carries 6 marks

(7) Internal options are given in question No. 5 to 16

(8) Show question No. 13 in the outline map of world and attach the map in your answer book.

# प्रादर्श प्रश्न–पत्र (भूगोल)

1. सही जोड़ी बनाइये। 5 अंक

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| 1. मुम्बई पुणे प्रदेश | 1. जमशेदपुर |
| 2. हुवाली प्रदेश | 2. बड़ोदरा |
| 3. बंगलौर तमिलनाडू | 3. हल्दिया |
| 4. गुजरात प्रदेश | 4. ट्राम्बे |
| 5. छोटा नागपुर | 5. मदुराई |

Match the columns :

| "A" | "B" |
|---|---|
| 1. Mumbai Pune region | 1. Jamshedpur |
| 2. Hugli Regin | 2. Barodra |
| 3. Banlglore Tamilnadu | 3. Haldia |
| 4. Gujrat Region | 4. Trambay |
| 5. Chhota Nagpure | 5. Madurai |

2. निम्नलिखित में से प्रत्येक का एक वाक्य में उत्तर लिखिए 5 अंक

(अ) भारत में सबसे अधिक कपास उत्पादक राज्य कौन–सा है ?

(ब) विश्व का सबसे ऊंचा रेलमार्ग का नाम क्या है ?

(स) मानव भूगोल के जनक कौन थे ?

(द) मानव भूगोल के अध्ययन का मुख्य केन्द्र कौन हैं ?

(इ) आधुनिक सभ्यता का आधार किस उद्योग को कहा जाता है ?

Answer the following in one sentence each

(i) Which state in India produce highest cotton ?

(ii) What is the name of the highest rail route in the world ?

(iii) Who was the father of Human Geography ?

(iv) Which is the main study centre of Human Geography ?

(v) Which industry is called the base of Modern Civilization ?

3. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 5 अंक

(अ) हरा सोना से तात्पर्य ..................................... है।

(ब) जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में .......................... है।

(स) ग्रेट–ब्रिटेन का मानचेस्टर नगर ...................... उद्योग के लिए प्रसिद्ध है।

(द) कुमारी ई.सी. सैम्पुल .............................. देश की भूगोलवेत्ता थीं।

(इ) परिवहन, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासनिक सेवा ................... व्यवसाय के उदाहरण हैं।

Fill in the blanks of the following

(a) Green gold means ______________________

(b) In population, India has got _____________________ place in the world.

(c) Manchester City of Great Britain is famous for __________________ Industry.

(d) Miss. E.C. Sampule was famous Geographist of _________________ Country.

(e) Transportation, trade, education, health administrative service are _________________________ example of activity.

4. सही विकल्प का चयन की कीजिये। 5 अंक

(अ) मलाज खण्ड स्थित है।

(i) छत्तीसगढ़ में (ii) मध्यप्रदेश में

(iii) महाराष्ट्र में (iv) उड़ीसा में

(ब) सर्वोत्तम कोटी का कोयला है–

(i) लिम्नाइट (ii) पीट

(iii) बिटुमिन्स (iv) एन्थ्रेसाइट

(स) भारत में रंगीन टी.वी. का प्रसारण हुआ–

(i) 1980 में (ii) 1982 में

(iii) 1984 में (iv) 1986 में

(द) पेट्रोलियम का सर्वाधिक भंडार है –

(i) संयुक्त राज्य अमेरीका में (ii) सऊदी अरब में

(iii) भारत में (iv) कुवैत में

(इ) स्थानांतरित कृषि को भारत में किस नाम से जाना जाता है :–

(i) झूमिंग्स (ii) चेना

(iii) रोका (iv) मिल्का

Select the Correct Answer -

(1) Malazkhand is situated in

(a) Chhattisgarh (b) Madhya Pradesh

(c) Maharastra (d) Orissa

(2) Best Quality of coal is-

(a) Lignight (b) Peat

(c) Vituminus (d) Anthresite

(3) Transmission of coloured T.V. began in India in the year-

(a) 1980 (b) 1982

(c) 1984 (d) 1986

(4) The biggest deposite of petrolum is in -

(a) United States of America (b) Saudi Arab

(c) India (d) Kuwait

(5) By which name shifting agriculture is known in India

(a) Jhuming (b) Chena

(c) Roka (d) Milka

5. ग्रामीण अधिवास की कोई चार विशेषताएं लिखिए। 4 अंक

Write any four characteristics of Rural Settlements.

अथवा **(OR)**

नगरीय आवास समस्या के कोई चार समाधान लिखिए।

Write any four solutions of Urban Settlements

6. एक अच्छे बंदरगाह की कोई चार विशेषताएं लिखिए। 4 अंक

Write any four characteristics of a good port.

अथवा **(OR)**

कृत्रिम उपगृह की कोई चार उपयोगिताएं लिखिए।

Write any four uses of artificial sattellite.

7. ग्रामीण जनसंख्या और नगरीय जनसंख्या में कोई चार अंतर लिखि। 4 अंक

Write any four differences between Rural and Urban population.

अथवा **(OR)**

भारत में जनसंख्या वृद्धि के कोई चार प्रमुख कारण लिखिए।

Write any four main reasons of increasing populatio in India.

8. ग्रामीण अधिवासों के कोई चार मुख्य लक्षण लिखिए। 4 अंक

Write any four important features of Rural Settlements.

अथवा **(OR)**

बस्ती की परिभाषा लिखिए ? इसकी उत्पत्ति एवं विकास को कौन–कौन से कारक प्रभावित करते हैं ?

Write the definition of settlement? What are the factors that influence its origin and development.

9. आंतरिक व्यापार एवं विदेशी व्यापार में कोई चार अंतर लिखि। 4 अंक

Write any four differences between of internal and external trade.

अथवा **(OR)**

परिवहन किसे कहते हैं ? परिवहन के विभिन्न साधनों को लिखिए ?

What is transportation ? What are different means of transportation ?

10. भारत में गांवों से नगरों की ओर प्रवास के कोई चार प्रमुख कारण लिखिए। 4 अंक

Write any four reasons of Migration of Indian villages towards urban area.

अथवा

नगरीय कूड़े करकट के निपटारे की समस्या को सुलझाने हेतु कोई चार उपाय लिखिए।

Give any four suggestions to solve the problem of Urban garbage.

अथवा **(OR)**

11. दक्षिण–पूर्वी एशिया में सघन जनसंख्या घनत्व के कोई पांच कारण लिखिए। 4 अंक

Write any five reasons behind population density of South-East Asia.

अथवा **(OR)**

जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के फलस्वरूप विकास पर पढ़ने वाले कोई पांच प्रभाव लिखिए।

Write any five influences of rapid growth of population on the development.

12. ओसाका में सूती वस्त्र उद्योग के विकास के क्या कारण हैं ? 5 अंक

What are the reasons of development of textile industry in Osaka ?

अथवा **(OR)**

लघु उद्योग एवं वृहत् उद्योग में कोई पांच अन्तर लिखिए।

Write any five differences between small scale industry and large sale industry.

13. विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :– 5 अंक

(1) दिल्ली हवाई अड्डा (2) हिन्द महासागर

(3) लंदन (4) अमेजान नदी

(5) स्वेज नहर

Show the following in the map of world

(i) Delhi Air port (ii) Indian Ocean

(iii) London City (iv) Amejan River

(v) Swez Canal

अथवा **(OR)**

विश्व के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए।

(1) गंगा नदी (2) भूमध्य सागर

(3) सिडनी नगर (4) लंदन से न्यूयार्क समुद्री मार्ग

(5) ट्रांस इंडियन रेलमार्ग

Show the following in the map of world

(i) Ganga River (ii) Mediterain Sea

(iii) Sydney City (iv) London to Newyork Sea route

(v) Trans - Indian Railway

14. भारतीय कृषि की कोई पांच विशेषताएं लिखिए। 5 अंक

Write any five characteristics of Indian agriculture.

अथवा **(OR)**

''जल संसाधन एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है।'' स्पष्ट कीजिए।

"Water is a important natural Source" Explain.

15. विदेशी व्यापार किसे कहते हैं ? इसका महतव लिखिए। 6 अंक

What is foreign Trade ? Give its importance

अथवा **(OR)**

भारत में जल परिवहन का महत्व लिखिए।

Write the importance of water transport in India.

16. मृदा अपरदन के तीन कारण लिखिए एवं इसे दूर करने के तीन उपाय लिखिए। 6 अंक

Give three reasons of soil erosion and its three solutions

अथवा **(OR)**

उत्तर भारत एवं दक्षिण भारत में गन्ने का उत्पादन एवं उत्पादकता की तुलना कीजिए।

Compare the production and productivity of Sugar between North and South India

# परीक्षा हायर सेकण्डरी
# (Higher Secondary Examination)
# विषय – भूगोल
# (Subject -Geography)
# आदर्श उत्तर – सेट ''डी''

1. सही जोड़ी बनाइये। 5 अंक

| | 'अ' | | 'ब' |
|---|---|---|---|
| 1. | मुम्बई पुणे प्रदेश | 1. | ट्रांम्बे |
| 2. | हुगली प्रदेश | 2. | हल्दिया |
| 3. | बंगलौर तमिलनाण्डू | 3. | मदुराई |
| 4. | गुजरात प्रदेश | 4. | बड़ोदरा |
| 5. | छोटा नागपुर | 5. | जमशेदपुर |

2. एक वाक्य में उत्तर :– 5 अंक

(अ) भारत में सबसे अधिक कपास उत्पादक राज्य महाराष्ट्रा है।

(ब) विश्व का सबसे ऊचॉ रेलमार्ग का नाम द्रांस इंण्यिन रेलमार्ग है।

(स) मानव भूगोल के जनक फ्रैड़रिक रैटलेक थे।

(द) मानव भूगोल के अध्ययन का मुख्य केन्द्र मानव है।

(इ) आधुनिक सभ्यता का आधार लौह–स्पात उद्योग को कहा जाता है।

3. रिक्त स्थानों की पूर्ति निम्नानुसार है– 5 अंक

(अ) वन

(ब) दूसरा

(स) सूती वस्त्र

(द) संयुक्त राज्य अमेरिका

(इ) तृतीयक

4. सही विकल्प का चयन । 5 अंक

| 'अ' |
|---|
| 1. (ब) मध्यप्रदेश |
| 2. (द) एन्थ्रेसाइट |

3. (ब) 1982 में

4. (ब) सऊदी अरब

5. (अ) झूमिंग

---

5. ग्रामीण अधिवास की विशेषताएँ निम्नानुसार स्पष्ट है : 5 अंक

(1) ग्रामीण अधिवास के लोग प्राथिमक व्यवसाय जैसे– कृषि, पशुपालन, मत्सय पालन में संलग्न रहते है।

(2) कृषि प्रमुख व्यवसाय होने के कारण ग्रामीण अधिवासों का वितरण नदियों के उपजाऊ मैदानों में अधिक मिलता है।

(3) ग्रामीण अधिवासों मकान या घर स्थानीय सामग्री से बने होते है, जैसे मिट्‌टी, घास, फूँस, बाँस लकड़ी, खपरैल आदि।

(4) इन अधिवासों के लोगो में अधिक सहकारिता तथा सहयोग की भावना होती है।

(5) इनमें मकान के दो भाग होते है–एक भाग परिवार के सदस्यों के लिए तथा दूसरी पशुओं आदि के लिए बना होता है।

(6) ग्रामीण अधिवासो में मकान नियोजित ढ़ग से नही बनाए जाते बल्कि भूमि की उपलब्धता एवं सुविधानुसार बना लिए जाते है।

अथवा

आदर्श उत्तरः– नगरीय आवास समस्या का समाधान निम्नानुसार है :–

(1) मलिन बस्तियों में वृद्धि का समाधान : मलिन बस्तियों को हटाकर नये मकानों का निर्माण कर मलिन बस्तियों के रहने वाले लोगों को बसाया जाये ।

(2) प्रदूषणः– वाहनो के शोर शराबे से निवास स्थानो को दूर दूर बसाया जाए जिससे प्रदूषण से बचाव हो सकें।

(3) आवास की समस्या का समाधानः– आवासीय समस्याओं को हल करने के लिए निम्न एवं मध्यम वर्गीय आवासो का निर्माण किया जाये।

(4) मकानो का निर्माण सूर्य के प्रकाश एवं वर्षा संबंधी दशाओं को ध्यान में रखते हुए किया जाए।

(5) जल एवं बिजली का समाधानः– आवासीय क्षेत्रों में स्वच्छ जल एवं बिजली आदि की समस्या का निदान किया जाए।

(6) नगरीय फैलाव का समाधान नगरीय फैलाव सु–व्यवस्थित ढ़ंग से किया जाए ताकि जन घनत्व जरूरत से ज्यादा न हो सकें।

(7) आवासीय सड़को एवं नालियों को ठीक किया जाए, यातायात व्यवस्था सुधारी जाए।

(8) नगर निर्माण संबंधी योजनआों को क्रियान्वित करके नगरों का पुनरूद्धार किया जाए।

नोटः– (उपरोक्तानुसार तथा अन्य कोई 4 बिन्दुओ पर विस्तार लिखने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक तथा कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।)

6. एक अच्छे बंदरगाह की विशेषताएँ निम्नानुसार हैः'– 4 अंक

(1) तट तक जल की गहराई पर्याप्त होना चाहिए।

(2) सुरक्षित एवं विस्तृत पोताश्रय उपलब्ध हो।

(3) पत्तन पर गोदामों, माल उत्तारने के प्लेट फार्मो और सामान उतारने–चढ़ाने के उपकरणों की पर्याप्त सुविधाएँ हो।

(4) पृष्ठ प्रदेश सम्पन्न, सधन जनसंख्या वाला एवं उन्नत परिवहन साधनो से युक्त हो।

(5) औद्योगिक प्रगति अच्छी हुई हो।

(6) पत्तन के समीप सागर तट शीत ऋतु में जमता न हो ।

उपरोक्तानुसार तथा अन्य कोई 4 बिन्दुओ पर विस्तार लिखने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक तथा कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।)

अथवा

कृत्रिम उपगृह की उपयोगिताएँ निम्नानुसार स्पष्ट है :–

(1) इनसे समुद्री तटों पर आने वाले तूफानो की पूर्व सूचना उपलब्ध होती है, जिससे हजारो मछुआरों की जीवन रक्षा कर पाना सम्भव हुआ है।

(2) इनके द्वारा टेलीविजन नेटवर्क का विस्तार करने में सहायता मिलती है।

(3) उपगृहों द्वारा दूर–दूर तक रेडियों कार्यक्रम प्रसारित किये जाते है।

(4) इनके द्वारा मौसमी, जलीय, तथा सागरीय दशाओं संबंधी बहुत उपयोगी आँकड़े एकत्रित किए जाते है।

(5) कृत्रिम उपगृह से सागर तल के तापमान संबंधी आँकड़े एकत्रित किये जाते है।

(6) इनके आधार पर वर्षा संबंधी जानकारी का अनुमान लगाया जाता है।

(उपरोक्तानुसार तथा अन्य कोई 4 बिन्दुओ पर विस्तार लिखने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक तथा कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।)

7. ग्रामीण व नगरीय जनसंख्या में अंतर निम्नानुसार है :–

| | ग्रामीण जनसंख्या | | नगरीय जनसंख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण जनसंख्या छोटे–छोटे बड़े गॉवो में निवास करती है | 1 | नगरीय जनसंख्या शहरों व कस्बों में रहती है। |
| 2 | ये लोग प्राथमिक व्यवसाय जैसे, कृषि, पशुपालन, आदि में लगे होते है। | 2 | नगरीय लोग उद्योग, व्यापार व सेवा क्षेत्र में लगें होते है। |
| 3 | ग्रामीण जलसंख्या सीधी सरल व मिलनसार होती है। | 3 | नगरीय जनसंख्या चालाक मतलबी, दमक चमक वाली होती है। |
| 4 | ग्रामीण क्षेत्रों में लोग प्रायः संयुक्त परिवारों में रहते है। | 4 | नगरीय जनसंख्या प्रायः एक परिवार में रहती है। |
| 5 | ग्रामीण लोग खुले वातावरण में रहते है। | 5 | नगरीय जनसंख्या भीड़ भाड़ वाले इकाले में रहती है। |
| 6 | ग्रामीण जनसंख्या में गरीबी व बेरोजगारी प्रमुख समस्याएं है। | 6 | नगरीय लोगों में प्रायः ये समस्याऍ नही है। |
| 7. | प्रायः ग्रामीण जनसंख्या कच्चे मकानो में रहती है। | 7 | नगरीय जनसंख्या पक्के मकानो में रतही है। |

(उपरोक्तानुसार तथा अन्य कोई 4 बिन्दुओ पर विस्तार लिखने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक तथा कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।)

(अथवा)

भारत में जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारण निम्नानुसार स्पष्ट है :–

(1) **उच्च जन्म दर** :– सामान्यतः जन्म दर जितनी ऊंची होगी जनसंख्या में वृद्धि दर भी उतनी ही अधिक होगी विकसित देशों में जन्मदार 16 से 20 प्रति हजार हैं हमारे देश में आज भी जन्मदर 25 प्रति हजार से अधिक है।

(2) **मृत्यु दर** :– मृत्यु दर ऊंची होने पर जसंख्या की वृद्धि दर कम होती है। 1921 में देश में मृत्यु दर 47 प्रति हजार थी जो 2001 में घट कर 8.5 प्रति हजार रह गयी है। फलस्वरूप मृत्यु के घटने से जन संख्या की तीव्र वृद्धि हो रही है।

(3) **जीवन प्रत्याशा बढ़ना** :– देश में स्वास्थय एवं भरण पोषण की सुविधा में सुधार होने से मृत्यु दर में कमी हुई है। और जीवन प्रत्यााशा बढ़ गई अतः जनसंख्या में वृद्धि हो रही है।

(4) **विवाह व संतान प्राप्ति की अनिवार्य** :– हमारे देश में आज भी विवाह एवं संतान की अनिवार्यता की प्रथा चल रही है। इससे प्रजनन दर में वृद्धि होती हैं ओर जन संख्या वृद्धि हो रही है।

(5) **बाल विवाह** :– बाल विवाह देश में अनेक प्रयासो के बाद भी आज भी बाल विवाह प्रचलित है। इससे प्रजननता अवधि में वृद्धि हो जाती है। और जन संख्या वृद्धि हो रही है।

(6) **अशिक्षाः**– अशिक्षा, भाग्यवादी विचार, निर्धनता आदि कारणो से भी जनसंख्या में वृद्धि हो रही है।

(उपरोक्तानुसार तथा अन्य कोई 4 बिन्दुओ पर विस्तार लिखने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक तथा कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।)

8. ग्रामीण अधिवासों के प्रमुख कारण निम्न रूप से स्पष्ट है।

(1) ग्रामीण अधिवासो में जीविकोपार्जन का मुख्य साधन कृषि होता है।

(2) ग्रामीण अधिवास स्थानीय सामग्री से बने होते है। यथा मिट्टी लकड़ी, घाँस फूँस, आदि से।

(3) ये अधिवास किसी योजनानुसार नही बनाए जाते है। वरन् उपलब्धता भूमि पर मकान बना लिए जाते है।

(4) ग्राम के आस पास समान व्यवसाय के लोगो की अलग अलग बस्तियां बस जाती है। जिनका नामकरण व्यवसाय या जातीय आधार पर होता है।

(5) ग्रामीण अधिवासों में गंदगी नही रहती है, भीड़ भाड़ कम रहती है।, शुद्ध वातावरण रहता है।

(6) गावों के लोगों में सहयोग एवं सहकारिता की भावना अधिक पाई जाती है।

(उपरोक्तानुसार तथा अन्य कोई 4 बिन्दुओ पर विस्तार लिखने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1 अंक तथा कुल 4 अंक प्राप्त होंगे।)

अथवा

**बस्ती की परिभाषा :–**

''बस्तियाँ कुछ मकानो अथवा घरो का समूह होती हैं जहाँ, एक ही व्यवसाय अथवा विभिन्न व्यवसाय करने वाले लोग निवास करते है। बस्ती की उत्पत्ति एवं विकास को प्रभावित करने वाले कारक निम्नानुसार स्पष्ट है :–

(1) बस्ती के आस–पास की भूमि का उपजाऊ होना।

(2) संसाधनो की सुलब्धता होने पर बस्ती बस जाती है।

(3) पेय जल की सुलभताः– जल की सुलभता होने पर कई परिवार रहने लगते है।

(4) परिवहन एवं संचार साधनो की सुलभता होने पर बस्ती का विकास होता है।

(परिभाषा लिखने पर 1 अंक तथा कारक के कोई तीन कारण समझाने पर 3 अंक )

1+4 अंक

9. आंतरिक एवं विदेशी व्यापार में अंतर निम्नानुसार स्पष्ट हैः–

| | आंतरिक व्यापार | | विदेशी व्यापार |
|---|---|---|---|
| 1 | आंतरिक व्यापार एक ही देश की सीमाओं के भीतर वस्तुओं के आदान प्रदान को कहते है। | 1 | दो या दो से अधिक देशों के बीच वस्तुओं के आदान प्रदान को विदेशी व्यापार कहते है। |
| 2 | आंतरिक व्यापार का क्षेत्र व स्परूप सीमित होता है। | 2 | विदेशी व्यापार का क्षेत्र विस्तृत होते है। आयात व्यापार निर्यात व्यापार व पुनः निर्यात व्यापार । |
| 3 | आंतरिक व्यापार एक देश की एक ही मुद्रा में होता है। | 3 | अलग अलग देशो की विभिन्न मुद्राओं में होता है। |

| | |
|---|---|
| 4 आंतरिक व्यापार प्रायः सड़क व रेलमार्गो द्वारा होता है। | 4 विदेशी व्यापार प्राय समुद्री मार्गों वायु मार्गो द्वारा होता है। |

(उपरोक्तानुसार सही लिखने पर प्रत्येक बिन्दु पर 1अंक तथा 4 पर 4 अंक प्राप्त होगें)

अथवा

परिवहन वस्तुओं जीव–जनतुओं और व्यक्तियों आदि को किसी माध्यम द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने ले जाने की प्रक्रिया परिवहन कहलाती है।

परिवहन के साधन :–

(1) **स्थल परिवह :**
 (अ) सड़क परिवहन
 (ब) रेल परिवहन

(2) **जल परिवह :**
 (अ) आंतरिक जल परिवहन जैसे नदियों द्वारा, नहरों द्वारा, झीलों द्वारा।
 (ब) सामुद्रिक जल परिवहन, राष्ट्रीय सामुद्रिक परिवहन, अंतर्राष्ट्रीय सामुद्रिक परिवहन

(3) **वायु परिवहन :**
 (अ) राष्ट्रीय परिवहन
 (ब) अंतर्राष्ट्रीय परिवहन

(उपरोक्तानुसार लिखने पर 1+3= अंक प्राप्त होगे। )

10. **भारत में गॉवो से नगरो की ओर प्रवास करने के कारण निम्नानुसार स्पष्ट है।**

(1) देश में गॉवो में जन संख्या वृद्धि से कृषि भूमि पर दबाव बढ़ गया है। अतः कृषि क्षेत्र में काम का अभाव उत्पन्न होने से रोजगार के लिए गावों से लोग शहरों की ओर प्रवास कर रहे है।

(2) नगरों में औद्योगिकरण के फलस्वरूप रोजगार के अवसर उत्पन्न हो रहे है। गांवो में रोजगार की कमी होने से रोजगार के लिए लोग नगरों की ओर प्रवास करे रहे है।

(3) ग्रामीण शिक्षा प्राप्त युवक युवितयों में कृषि के प्रति अरूचि के कारण काम की तलाश में नगरो की ओर प्रवास कर रहे है।

(4) ग्रामीण जीवन स्तर शहरो की अपेक्षा निम्न होता है। अतः शहरी जीवन स्तर के आकर्षण के कारण लोग शहरों की ओर प्रवास कर रहे है।

(5) गांवो की तुलना में शहरो में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, व मनोरजनकी सुविधांए अच्छी रहती है, जिन्हें प्राप्त करने के लिए गावों के लोग शहरो की ओर प्रवास करते है।

(6) गांवो की सुरक्षा का पूर्णतः अभाव है। इस दृष्टि से नगरो की स्थिति बेहतर अच्छी है। अतः गांवो के लोग शहरो की ओर प्रवास कर रहे है।

(उपरोक्तानुसार कोई 4 कारण सविस्तार लिखने पर 4 अंक )

अथवा

**नगरीय कूड़े कचरे के निपटारे की समस्या को हल करने के हेतु निम्न उपाय किये जा सकेत है :–**

(1) नगर के कचरे को एकत्रित कर ट्रेक्टर व ट्रको से नगर के बाहर बने गढ़ढो में डालकर उन्हें पाटा जा सकता है।

(2) नगरीय कचरे से विद्युत बनाई जा सकती है।

(3) कचरे से कॉच आदि पदार्थ अलग कर खाद बनाई जा सकती है।

(4) यंत्रो को लगाकर (औद्योगिक कचरे का निपटान किया जा सकता है। )

(5) कारखानों के गंदे जल को यंत्रो द्वारा स्वच्छ कर सिंचाई के काम में लिया जा सकता है।

(उपरोक्तानुसार कोई 4 उपाय का वर्णन करने पर पूर्ण 4 अंक प्राप्त होंगे।)

11. **दक्षिण पूर्वी एशिया में सघन जन संख्या घनत्व के कारण निम्नानुसार हैः–**

(1) उष्ण एंव आर्द्र मानसूनी जलवायु तथा उपजाऊ मिट्टी वाली नदियों के विस्तृत मैदानो के कारण खाद्यानो का विपुल उत्पादन होता है।

(2) यहां पर नदियों, तालाबों व झीलों से सिचांई साधनो की उपलब्धता है।

(3) विश्व का अधिकांश चावल उष्ण आर्द्र जलवायु के कारण इसी क्षेत्र में उत्पन्न होता है। और अन्य अनाजो की अपेक्षा चावल में पोषण क्षमता अधिक रहती है।

(4) जापान में विकसित मत्स्य व्यवसाय व औद्योगीकरण के कारण जन संख्या अधिक मिलती है।

(5) दक्षिण पूर्वी एशिया के देशो में खनिज पदार्थो की उपलब्धता के परिणाम स्वरूप यहां घनी जनसंख्या मिलती है।

(उपरोक्तानुसार कन्ही 5 कारणों का सविस्तार वर्णन करने पर 5 अंक प्राप्त होंगे )

अथवा

जनसंख्या में तीव्र वृद्धि के फल स्वरूप विकास पर पढ़ने वाला प्रभाव निम्नानुसार है :—

(1) **कृषि भूमि पर अत्याधिक दबावः—** जनसंख्या की वृद्धि के कारण खेत निरन्तर छोटे छोटे टुकड़ो में बटते जा रहे है। तथा उत्पादन क्षमता कम होती जा रही है।

(2) **प्राकृतिक साधनो का तीव्र गति से शोषण :—** जनसंख्या की तीव्र वृद्धि से प्राकृतिक संसाधनो को तीव्र गति से शोषण होने लगता है। फलस्रूप सांधनो की कमी हो जाती है। ओर मकान, भोजन, वस्त्र आदि की समस्याएं पैदा हो जाती है।

(3) **प्रति व्यक्ति कम आयः** जनसंख्या की तीव्र वृद्धि से प्रति व्यक्ति आय कम हो जाती है। राष्ट्रीय आय के बढ़ने पर भी राष्ट्रीय आय की दर में वृद्धि नही हो जाती है।

(4) **बेरोजगारी में वृद्धिः—** जनसंख्या वृद्धि से सभी के लिए रोजागर दे पाना एक बहुत बड़ी समस्या बन चुकी है। फलतः बरोजगारी में वृद्धि हो रही हैं ।

(5) **जीवन स्तर में गिरावट :—** जनसंख्या बढ़ने से आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की कमी हो जाती है। परिणाम स्वरूप जीवन स्तर गिरता है।

(6) शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी, पर्यावरण, प्रदूषण में वृद्धि आदि अनेक समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं।

(उपरोक्तानुसार किन्ही 5 प्रभावों का वर्णन करने पर पूर्ण 5 अंक प्राप्त होंगे)

12. ओसाका में सूती वस्त्र उद्योग के विकास के कारण निम्नानुसार हैं :— 6 अंक

(1) ओसाका सूती वस्त्र उद्योग का जापान का सबसे बड़ा केन्द्र है यहां पर जल विद्युत शक्ति सुलभ होने के कारण सूती वस्त्र का तीव्र विकास हुआ है।

(2) यहां पर कुशल, प्रशिक्षितत तथा परिश्रमी श्रमिकों की उपलब्धता के कारण इस उद्योग का विकास हुआ है।

(3) इस उद्योग के लिए आर्द्र जलवायु अनुकूल रहती है ओसाका तट पर स्थित है। अतः सागरीय आर्द्र जलवायु होने के कारण इस उद्योग के लिए वरदान है।

(4) उत्तम बंदरगाही स्थिति के कारण समुद्री जल परिवहन के द्वारा आयात निर्यात की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

(5) जल परिवहन द्वारा एशिया तथा अफ्रीका महाद्वीप के देशों में बाजार की उपलब्धता है।

(6) उद्योग के लिए आवश्यक मशीनें व यंत्र आदि की सुलभता है।

(7) यहां के उद्योग के लिए उन्नत तकनीकि सुविधाऐं प्राप्त हैं।

(उपरोक्तानुसार किन्ही 5 का वर्णन करने पर पूर्ण 5 अंक प्राप्त होंगे)

अथवा


लघु एवं वृहत उद्योग में अंतर

| | लघु उद्योग | | वृहत उद्योग |
|---|---|---|---|
| 1. | लघु उद्योग में कम श्रम कम पूंजी की आवश्यकता होती है। | 1. | इस उद्योग में अधिक संख्या में श्रम व अधिक पूंजी की आवश्यकता होती है। |
| 2. | लघु उद्योग में वस्तुओं का उत्पादन छोटे पैमाने पर होता है। | 2. | वृहत उद्योग में वस्तुओं का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है। |
| 3. | इन उद्योगों में वस्तु की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है। | 3. | इन उद्योगों में वस्तु की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। |
| 4. | लघु उद्योगों का प्रबंधन साधारण होता है। | 4. | वृहत उद्योगों का प्रबंधन जटिल होता है। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5. | इनमें ऊर्जा से चलने वाली साधारण मशीनें प्रयोग की जाती हैं। | 5. | इनमें अतिआधुनिक एवं ऊर्जा से चलने वाली स्वचलित मशीनों का प्रयोग किया जाता है। |
| 6. | निर्मित माल बाहर के बाजार में बेचा जाता है। | 6. | निर्मित माल निर्यात किया जाता है। |

(उपरोक्तानुसार किन्हीं 5 अंतर का वर्ण करने पर पूर्ण 5 अंक प्राप्त होंगे)


उत्तर 13




| | |
|---|---|
| (1) दिल्ली हवाई अड्डा | (2) हिन्द महासागर |
| (3) लंदन | (4) अमेजान नदी |
| (5) स्वेज नहर | |

उपरोक्तानुसार सही स्थान दर्शाने पर पूर्ण 5 अंक प्राप्त होंगे

अथवा




(1) गंगा नदी

(2) भूमध्य सागर

(3) सिडनी नगर

(4) लंदन से न्यूयार्क समुद्री मार्ग

(5) ट्रांस इंडियन रेलमार्ग

उपरोक्तानुसार सही स्थान दर्शाने पर पूर्ण 5 अंक प्राप्त होंगे

14. भारतीय कृषि की विशेषताएं निम्नानुसार स्पष्ट हैं – 5 अंक

(1) **खाद्यान्न की प्रधानता** :– भारतीय कृषि में खाद्यान्न की प्रधानता है क्योंकि देश की विशाल जनसंख्या के लिए भोजन उपलब्ध कराना मुख्य लक्ष्य है। कुल कृषि उत्पादन में 80% भाग खाद्यान्नों का है।

(2) **फसलों की विधिता** :– देश में जलवायु विषमता के कारण कई प्रकार की फसलें उगाई जाती है। एक ही खेत में एक साथ अनेक फसलें बोई जाती हैं।

(3) **कृषि का पुराना ढंग** :– देश में आज भी अनेक क्षेत्रों में कृषक अनेक कारणों जैसे (अशिक्षा, अज्ञानता) से पुराने ढंग से कृषि करते हैं।

(4) **उत्पादन कम होना** :– भारतीय कृषक जीवन निर्वाह मूलक हैं गहन कृषि का अभाव है, फलतः कृषि योग्य भूमि की उपलब्धता के बावजूद भी प्रति हेक्टेयर उत्पादन कम हैं

(5) **कृषि जोत का छोटा आकार** :– भारतीय खेत परम्परागत रूप से पीढ़ी दर पीढ़ी संतानों में बंटती जाती है। अतः खेतों का छोटा आकार हो गया है।

(6) **कृषि मानसून का जुआ** :– भारतीय कृषि पूर्णतः मानसूनी वर्षा पर निर्भर है। मानसून की अनिश्चिता से कृषि प्रभावित होती है। वर्षा न होने पर एक ही फसल ले पाना कठिन हो जाता है।

किन्ही पांच विशेषताओं को सविस्तार लिखने पर पूरे 5 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

''जल संसाधन एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है'' निम्नानुसार स्पष्ट है :–

शरीर के लिए जल अति आवश्यक है। हम इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए जल का उपयोग पीने हेतु करते है। जीवन की एक अनिवार्य आवश्यकता भोजन हैं भोजन हमें कृषि उपजों एवं वनस्पतियों से प्राप्त होता है। कृषि कार्य उत्पादनों में वृद्धि के लिए सिंचाई के रूप में करते हैं। विद्युत शक्ति उत्पादन के लिए यह एक सस्ता व महत्वपूर्ण साधन है। परिवहन साधनों व औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति आदि में भी जल की उपयोगिता महत्वपूर्ण है। इस प्रकार जल का महत्व जीवन के प्रतयेक क्षेत्र में, विकास के प्रत्येक आयाम में है। इसलिए जल संसाधन एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन कहलाता है। वास्तव में जल ही जीवन है''

(उपरोक्तानुसार सही लिखने पर 5 अंक प्राप्त होंगे)

15. **विदेशी व्यापार का आशय :–** **6 अंक**

विदेशी व्यापार दो या दो से अधिक देशों के बीच वस्तुओं के आदान–प्रदान को कहते है। इसका क्षेत्र विस्तृत होता है। इसके तीन घटक होते हैं। आयात, निर्यात एवं पुनः निर्यात। विदेशी व्यापार अलग–अलग देशों की विभिन्न मुद्राओं में होता है। विदेशी व्यापार प्रायः समुद्री व वायु मार्गों द्वारा होता है।

**महत्व :–** वर्तमान में विदेशी व्यापार का बड़ा महत्व है। कोई भी देश बिना विदेशी व्यापर को बढ़ाये अपनी उन्नति नहीं कर सकता। वस्तुतः विदेशी व्यापार आज किसी भी देश की आर्थिक प्रगति का मापदण्ड हैं। जिस देश का विदेशी व्यापार प्रति व्यक्तिपीछे अधिक है वही देश उन्नत समझा जाता है। जिन देशों की प्रति व्यक्ति औसत व्यापार कम होता है वे आर्थिक दृष्टि से पिछड़े देश माने जाते हैं।

अथवा

**भारत में जल परिवहन का महत्व निम्नुसार है :–**

(1) **परिवहन का सबसे सस्ता साधन :–** इसमें न तो रेल की पटरिया बिछानी पड़ती हैं और न ही सड़कें बनानी पड़ती हैं। सड़कों व रेलमार्गों के रखरखाव की भांति जल मार्गों पर कोई व्यय नहीं करना पड़ता। भार ढोने में सबसे कम खर्च बैठता है।

(2) **भार ढोने की अधिक क्षमता :–** रेलों व सड़कां की तुलना में नावों व जलयान में भार ढोने की क्षमता बहुत अधिक होती है। यह अपनी भार क्षमता से 6 गुने भार को ढो सकते हैं।

(3) **जल मार्ग बनाने में कोई व्यय नहीं होता :–** एक कि.मी. रेलमार्ग बनाने में 15.20 लाख रूपये और एक कि.मी. सड़क मार्ग बनाने में 5 लाख रूपये से अधिक खर्च करना पड़ता है। वहीं जलमार्ग बनाने में कोई खर्च नहीं करना पड़ता है। यह प्रकृति द्वारा निःशुल्क प्रदत्त साधन है।

(4) **भारी व थोक ढुलाई में उपयुक्त :–** जलमार्ग अन्य साधनों की तुलना में भारी व थोक ढुलाई के लिए अधिक अनुकूल व सस्ता होता है।

(5) **देश की उन्नति में सहायक :–** विदेशी व्यापार का सबसे बड़ा, सुगम और सरल साधन समुद्री मार्ग ही है। जल मार्गों से ही आयात व निर्यात किया जाता है।

(6) **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के विकास में सहायक** :– अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का प्रारंभ और उसका विकास समुद्री मार्गों के कारण ही सम्भव हो सका है। रेलों, सड़कों, व वायुमार्गों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का इतना विकास कदापि संभव नहीं हो सकता था।

उपरोक्तानुसार एवं अन्य बिन्दु में से 5 बिन्दु लिखने पर प्रत्येक पर 1) अंक एवं 5 बिन्दुओं को विस्तार से लिखने पर 5 अंक प्राप्त होंगे।

16 मृदा अपरदन के कारण एवं इसे दूर करने के उपाय :– 6 अंक

मृदा अपरदन के कारण :–

(1) **तेज मूसलाधार वर्षा** :– भारत की 75% वर्षा केवल जुलाई तथा अगस्त में हो जाती है। यह वर्षा मूसलाधार तथा तेज बौछारों के रूप में होती है। फलतः मिट्टी का कटाव वर्षा की तेज बूंदों के पढ़ने से सम्पन्न होता है।

(2) **कृषि हेतु वनों की कटाई** :– नवीन कृषि भूमि प्राप्ति हेतु वनों को साफ कर दिया जाता है जिससे भूमि अपरदन के लिए खुली व जड़ों की जकड़न से मुक्त हो जाती है।

(3) **झूमिंग कृषि** :– भारत में कुछ स्थानों पर झूमिंग कृषि की जाती है, जिससे मिट्टी का कटाव बढ़ता है इस कृषि पद्वति में वनों को काटकर जला दिया जाता है।

(4) **पशु चारण** :– अति पशुचारण से मृदा की ऊपरी सतह कमजोर हो जाती है जिससे अपरदन बढ़ता है।

(5) **प्रौद्योगिकी का अभाव** :– पहाड़ी ढलानों पर बिना विशेष सावधानियों को उपनाये, कृषि करने से मृदा अपरदन होता है।

**मृदा अपरदन को रोकने के उपाय** :–

(1) **वृक्षारोपण** :– अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाये जिससे भूमि आवरण विहीन न रहे।

(2) **पेड़ पौधों की कटाई पर नियंत्रण** :– पेड़ पौधों की कटाई को पूर्णतः योजनानुसार तथा नियंत्रित की जाये ताकि भूमि आवरणहीन न हो सके।

(3) **पशु चारण पर नियंत्रण** :– अति पशु चारण को नियंत्रित किया जाए और विकसित चारागाह बनाया जाए।

(4) पहाड़ी ढलानों पर कृषि क्षेत्रों का निर्माण :– पहाड़ी ढलानों पर कृषि क्षेत्रों का निर्माण सीढ़ीनुमा तथा समोच्च रेखाओं के अनुरूप किया जाये।

(5) **नदी नालों पर बांधों का निर्माण** :– नदी नालों पर बांधों का निर्माण किया जाये जिससे जल के तीव्र बहाव को कम किया जाये।

उपरोक्तानुसार किन्ही 3 कारणों को लिखने पर 3 अंक एवं काई उपाय लिखने पर 3 अंक इस तरह 3+3=6 अंक प्राप्त होंगे।

अथवा

उत्तर तथा दक्षिण भारत में गन्ने की उत्पादन एवं उत्पादकता की तुलना निम्नानुसार है –

| | उत्तर भारत | | दक्षिण भारत |
|---|---|---|---|
| 1. | यहां प्रति हेक्टेयर गन्ने की उत्पादकता कम है, परन्तु कुल उत्पादन अधिक है। | 1. | यहां प्रति हेक्टेयर गन्ने की उत्पादकता अधिक है परन्तु कुल उत्पादन कम है। |
| 2. | वर्षभर उष्ण जलवायु न होने से गन्ने में शर्करा (मिठास) कम है। | 2. | वर्षभर उष्ण जलवायु रहने से गन्ने में शर्करा (मिठास) अधिक होती है। |
| 3. | वर्षभर अनुकूल जलवायु न रहने से केवल चार पांच माह गनने की पिराई हो पाती है। | 3. | जलवायु की वर्षभर अनुकूलता रहने से गन्ने की पिराई लम्बे समय तक होती है। |
| 4. | यहां समय–समय पर चलने वाली गर्म हवाएं गन्ने के उत्पादन में बाधा डालती हैं। | 4. | यहां चलने वाली समुद्री हवाएं गन्ने की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक होती हैं। |
| 5. | यहां गर्मियों में लू तथा सर्दियों में पाला पड़ता है। | 5. | यहां की जलवायु उत्तर भारत की अपेक्षा विषम नहीं है। |
| 6. | यहां के कारखानों की मशीने आधुनिक नहीं हैं। | 6. | यहां के कारखानों की मशीनें अत्याधुनिक हैं। |

उपरोक्तानुसार वूर्ण करने पर प्रत्येक पर 1 अंक तथा 6 बिन्दुओं का वर्ण करने पर 6 अंक प्राप्त होंगे।